आलेख

राज्य योजना

संख्या–1034/बयालिस–2010–53–निर्माण/2007

प्रेषक,

डा0 ललित वर्मा
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेलकूद उत्तर प्रदेश,
खेल निदेशालय, लखनऊ।

खेलकूद अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 21 मई 2010

विषय :गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ में सड़क के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–जी 50/नि0गुरूगो0स्पो0का0/2009–10 दिनांक 26 अप्रैल 2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2010–11 में गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ में नई सड़क के निर्माण हेतु रू0 137.38/– (रू0 एक करोड़ सैतीस लाख अड़तीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों के अधीन स्वीकृति प्रदान करते है:–

(I) उपरोक्त स्वीकृत धनराशि रू0 137.38 लाख निदेशक खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके संबन्धित कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2010–11 में उपलब्ध परिव्यय एवं बजट सीमा के अन्तर्गत दी जा रही है।

(II) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पूर्व में इस योजना हेतु किसी अन्य स्त्रोत से धनराशि न दी गयी हो, न ही प्रश्नगत कार्य किसी कार्य योजना में वित्तपोषण हेतु प्रस्तावित है।

(III) प्रश्नगत कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व शासनादेश दिनांक 2 मार्च, 2006 के आलोक में सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

(IV) कार्यो को पूर्णगुणवत्ता/ मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप स्वीकृत लागत में फेंजिग कर इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किया जायेगा।

(V) स्वीकृत की जा रही धनराशि को चालू वित्तीय वर्ष में व्यय करके उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन तथा महालेखाकार को उपलब्ध कराया जाएगा।

2 उक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 में अनुदान संख्या–22 के लेखाशीर्षक–4202–शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनागत–03 खेलकूद तथा युवा सेवा–800 अन्य व्यय–20–गुरू गोाविन्द सिंह

क्रमशः.....2

स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ में सड़क का निर्माण–24 वृहद निर्माण कार्य के नाम डाला जायेगा।

3. उक्त स्वीकृति वित्त (आय–व्ययक) अनु–1 के कार्यालय ज्ञाप स–बी–1–961/दस–2010–231/2010 दिनांक 26 मार्च, 2010 में प्रदत्त अधिकारों के तहत निर्गत की जा रही है।

भवदीय

(डा0 ललित वर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–1034(1)/बयालिस–2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन, गोमतीनगर, लखनऊ।
6. वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5
8. नियोजन अनुभाग–4
9. सूचना सलाहकार मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन।
10. निजी सचिव मा0 मंत्रीजी/प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 शासन।
11. प्रधानाचार्य, गुरूगोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(डा0 ललित वर्मा)
प्रमुख सचिव